वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 06 | बुधवार 1 मई 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

सीनियर ऑफिसर मीटिंग

# सभी अधिकारी कर्मयोगी की भावना से मिलकर कार्य करें: मुख्य सचिव

**पंत मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकतर विभागों द्वारा बैठकों में प्लास्टिक बॉटल के प्रयोग को बंद करने लिए कांच की बोतल का प्रयोग करना एक सराहनीय पहल है लेकिन इसे विभिन्न जिलों, तहसील व ग्राम पंचायत कार्यालयों तक अमल में लाना होगा।**




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि सभी अधिकारी एक कर्मयोगी की भावना से मिलकर कार्य करें और जनहित व राज्यहित के प्रति निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। उन्होंने सभी विभागों के प्राशासनिक सचिवों एवं विभागाध्यक्षों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों व उनके कार्यों की लगातार समीक्षा, निरीक्षण व मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि निश्चित समय अवधि में समस्त विभागीय कार्यों को पूरा करना सुनिश्चित करें। पंत मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकतर विभागों द्वारा बैठकों में प्लास्टिक बॉटल के प्रयोग को बंद करने लिए कांच की बोतल का प्रयोग करना एक सराहनीय पहल है लेकिन इसे विभिन्न जिलों, तहसील व ग्राम पंचायत कार्यालयों तक अमल में लाना होगा। बैठकों में उच्चाधिकारियों को बुके देने की परंपरा पर रोक लगाएं। मुख्य सचिव ने उपस्थित विभागों के सचिव व विभागाध्यक्षों को कहा कि विभिन्न स्थानों के दौरे व यात्राओं के दौरान यथासंभव सरकारी परिसम्पतियों मे ही रुकें और बैठकों, कार्यशालाओं व प्रशिक्षण के लिए यथासंभव सरकारी सभागारों के प्रयोग को ही प्राथमिकता दें। पंत ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को भू-रूपांतरण, पंजीकरण आदि कार्यों में शत-प्रतिशत पारदर्शिता हेतु नवीन सॉफ्टवेयर व ऑटोमेटेड सिस्टम के प्रयोग के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग आमजन से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विभाग है इसलिए वरिष्ठ अधिकारी भी नियमित मॉनिटरिंग करें तथा विभिन्न स्तर पर पारस्परिक सामंजस्य से निर्णय करें जिससे प्रकरणों के निस्तारण में कम से कम समय लगे। मुख्य सचिव ने कहा कि मानसून में एक जन आंदोलन के रूप में अधिक से अधिक वृक्षारोपण की तैयारी करें तथा सभी विभागों के अधिकारियों व कार्मिकों को सम्मिलित रूप से जल संरक्षण व जल संचयन के कार्यों के लिए प्रोत्साहित करें।

## शिक्षा विभाग शैक्षणिक संस्थाओं में भी जागरूकता के लिए गतिविधियों का आयोजन करें

मुख्य सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों के विभागीय कार्यालयों में डाक तथा फाइलों के औसत निस्तारण समय को कम करने की दिशा में आरम्भ से ही निर्देशित किया जाता रहा है। कुछ माह में ही फाइलों के निस्तारण समय में लगभग 50 प्रतिशत की कमी हुई है एवं लंबित ई-फाईल पहले की तुलना में लगभग 85 प्रतिशत कम हुई है। मुख्य सचिव ने प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परीक्षण के लिए थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन सुनिश्चित करने हेतु वित्त विभाग के अधिकारियों को विस्तृत गाइडलाइन्स बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पशुओं के लिए पशु आश्रयों व जल की व्यवस्था सुनिश्चित करें साथ ही मृत पशुओं के समय पर शव निस्तारण की उचित व्यवस्था करें। इस सम्बन्ध में शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग शैक्षणिक संस्थाओं में भी जागरूकता के लिए गतिविधियों का आयोजन करें। उन्होंने उच्च अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ कार्यालयों के औचक निरीक्षण के महत्व पर जोर देते हुये सभी अधिकारियों को इन दिशा-निर्देशों के अनुरूप नियमित रूप से कार्य करने के निर्देश दिये। पंत ने कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा लोकसेवकों द्वारा किये गए आपराधिक कृत्यों की जाँच के सम्बन्ध में कार्मिक विभाग अथवा अन्य सम्बंधित विभाग से पूर्वानुमोदन प्राप्त करने हेतु लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाये। पंत ने सभी विभागों को समय पर डीपीसी करने और विधानसभा से प्राप्त प्रश्नों का उत्तर समय पर देने के निर्देश दिए। बैठक में सम्बंधित विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, सचिव और सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शालीमार एन्क्लेव जैन मन्दिर में मंगल प्रवेश हुआ उपाध्याय श्री विहसंतसागर जी महाराज ससंघ का

**आगरा. शाबाश इंडिया**



गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज के शिष्य मेडिटेशन गुरू उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज एवं मुनिश्री विश्वसम्य सागर जी महाराज ससंघ ने आगरा के कमलानगर स्थित डी ब्लाक के श्री महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर से बैण्ड बाजों के साथ मंगल विहार कर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर शालीमार एन्क्लेव कमलानगर पर पहुंचे। जहां शालीमार एन्क्लेव सकल जैन समाज ने उपाध्यायश्री का पाद प्रक्षालन एवं मंगल आरती कर भव्य अगवानी की। मंगल अगवानी के बाद उपाध्यायसंघ ने मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा एवं सभी प्रतिमाओं के दर्शन किए। इसके बाद उपाध्यायश्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्लभ है संसार में एक यथारथ ज्ञान।। तो बहुत दुर्लभ है। सम्यग्ज्ञान को बीच में रखा गया। परंतु कुकुद आमासम्यान को सर्वप्रथम रखा। पहले जानो फिर श्रद्धा रखो। तत्त्वार्थसूत्र में कहा है कि पहले बदा रखो मगर कुदकुद आचार्य ने समयसार की 16-17वी गाथा में कहा कि पहले जानो फिर श्रद्धा रखो। क्यों? आप सोना खरीदने गये और किसीने चीलान दे दिया तो आप धोखा खा जाओगे, सोने को कसौटी पर कसते हैं, छिन्नी से काटते है. आग में तपाते है, तेजाब से साफ करते है, तब पता चलता है कि कितना प्रतिशत सोना है। तब सोना खरीदते है, तो जब एक वस्तु को खरीदने के लिए इतनी जाँच-पड़ताल करते हैं तो एक धर्म को स्वीकार करते समय ऐसे कैसे आँख मूँद करके स्वीकार कर ले। इसलिए उन्होंने कहा कि धर्म शब्द के अनेक अर्थ होते हैं। जैसे दूध शब्द है। तो ऑकड़ी के पेड़ से निकलनेवाले द्रव को भी दुध बोलते है और गाय के भी दूध को दूध बोलते हैं। यदि आँख में कोई किरकिरी हो तो गाय का दूध डालने से शांति मिलेगी, और यदि आँकड़ी का दूध डाल दिया तो आँख फट जायेगी। इस दौरान शालीमार एन्क्लेव सकल जैन समाज ने उपाध्यायश्री विहसंतसागर जी महाराज ससंघ के समक्ष श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। मीडिया प्रभारी शुभम- जैन ने बताया कि 01 मई को मेडिटेशन गुरू उपाध्याय श्री विहसंतसागर जी महाराज एवं मुनिश्री विश्वसम्य सागर जी महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में समाधिस्थ आचार्य श्री ज्ञानासागर जी महाराज का अवतरण दिवस प्रात 8:00 बजे से श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर शालीमार एनक्लेव कमला नगर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद जैन, राजकुमार जैन गुड्डु, राजू गोधा, प्रमोद जैन, राहुल जैन, अनुज जैन, अंकेश जैन, शुभम- जैन समस्त शालीमार एन्क्लेव जैन समाज के लोग उपस्थित रहे। **-रिपोर्ट शुभम जैन**

# जैन समाज झुमरीतिलैया के द्वारा जरूरतमंद लोगों को 10 रुपये में जरूरत का सामान उपलब्ध कराया

**झुमरीतिलैया. शाबाश इंडिया**



श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में ''हेल्पिंग हैंड्स'' ग्रुप के द्वारा आज लगभग 1100 जरूरतमंद लोगों के बीच 5000 से अधिक दैनिक जीवन में काम आने वाले सामान मात्र 10 रुपए में दिया गया। प्रातः 9:00 इस कार्यक्रम का उद्घाटन जैन समाज के मंत्री नरेंद्र झाझंरी नीलम सेठी आशा गंगवाल निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने संयुक्त रूप से किया। हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों ने सभी का तिलक लगाकर दुपट्टा पहना कर स्वागत किया आए हुए सभी महिला पुरुष युवक युवतियां बच्चे ने क्रम से आकर अपने पसंद का सामान लिया सेवा के इस अनूठे सेल कार्यक्रम में नए एवं पुराने उपयोगी सामान रखे गए थे अटैची बैग साइकिल महिलाओं के लिए साड़ी लेडीज कुर्ती सूट स्वेटर फैशन के समान चूड़ी बिंदी आदि बच्चों के लिए खिलौना जींस बाबा सूट टी-शर्ट कपड़ा जूता चप्पल स्कूल बैग पुरुष युवाओं के लिए जैकेट जींस शर्ट कुर्ता पजामा कोट पेंट बंडी नाइट सूट आदि घर के दैनिक जीवन में काम आने वाले समान लोगों ने अपनी पसंद से लिए। जैन समाज के मंत्री नरेंद्र झाझंरी एवं पार्षद पिंकी जैन ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि हेल्पिंग हैंडस ग्रुप मे शामिल समाज के सभी बच्चे बधाई के पात्र हैं जरूरतमंदों की सेवा मे युवा पीढ़ी के आगे बढ़ने से समाज और राष्ट्र मजबूत होता है यह मनुष्य जीवन अनमोल है जैन धर्म में परिग्रह का त्याग एवं जियो और जीने दो की महता है जरूरतमंदों के प्रति सहयोग की भावना एवं संवेदना ही जीवंत कार्य है। इस नेक कार्य के लिए समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा कोषाध्यक्ष सुरेंद्र काला ललित सेठी कमल जैन सेठी, सुरेश झाझंरी सरोज जैन सुशील जैन छाबड़ा लाला सोगानी, लड्डू जैन ने हेल्पिंग हैंड्स कार्यक्रम के परियोजना निदेशक प्रियंका जैन छाबड़ा अभिषेक जैन गंगवाल, अमित जैन सेठी, इसान जैन कासलीवाल, शिखा जैन गंगवाल, खुशबू जैन सेठी और उनकी पूरी टीम के अच्छे कार्य के लिए आभार जताया और शाबाशी दी। जैन समाज के मीडिया प्रभारी राजकुमार जैन अजमेरा, नविन जैन ने बताया कि आगे भी हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों के द्वारा जरूरतमंदों की सेवा के लिए कार्य किए जाएंगे हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप ने जैन समाज जैन महिला समाज जैन युवक समिति के सदस्यों के प्रति कार्य में सहयोग के लिए भी अपना आभार प्रकट किया। अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रशासन के सहयोग के लिए उनको धन्यवाद दिया। साथ ही हेल्पिंग हेण्ड ग्रुप पूरे भारत के जैन समाज से आह्वान करती है की इस तरह का आयोजन अपने अपने शहर में अवश्य करे। यह मानव सेवा का बहुत बड़ा कार्य है।

# दिगंबर जैन महिला महासमिति राजस्थान अंचल की धार्मिक यात्रा संपन्न





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन महिला महासमिति राजस्थान अंचल के द्वारा प्रातः 6:30 बजे एक दिवसीय धार्मिक यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा में लगभग 65 महिला सदस्यों ने भाग लिया। महिला अंचल अध्यक्ष शकुंतला बिंदायका के अनुसार धर्म से ओत-प्रोत इस यात्रा में सभी सदस्यों ने बस में बैठते ही णमोकार मंत्र का वाचन किया। चाकसू में पहुंचकर महिला मंडल के सदस्यों ने समिति सदस्यों का स्वागत किया। अल्पाहार एवं चाय कॉफी की शानदार व्यवस्था उषा सिंघल रिंकल रिचिका चाकसू महिला सदस्यों के द्वारा की गई। बस में धार्मिक मंत्री श्रीमती अलका अनीता शीला के द्वारा धर्म मय गेम्स एवं हाऊजी बस में खिलाई गई। टोंक की महिला सदस्यों ने शीतल छाछ पिलाकर गर्मी के मौसम में सबको अलग ही आनंद करवाया। सूथड़ा की पावन धरा पर पहुंचकर सचिव सुनीता गंगवाल के सानिध्य में सरोज के साथ शानदार भक्ति मय भजनों पर मुनिसुव्रतनाथ का विधान किया गया कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन श्रीमती पुष्पा बिलाला के द्वारा किया गया एवं गेम्स गिफ्ट प्रायोजक संजना रही। प्रथम शांति धारा कर्ता महावीर शकुंतला बिन्दायका रहे । सौधर्म इंद्र के रूप में वीरेंद्र दौलत ने भक्तिमय पूजा की। चित्र अनावरण कर्ता श्रीमती मिश्रा देवी सरोज छाबड़ा रही। सूथड़ा के संतु चेतन मनोज ने कार्यक्रम के लिए बहुत सुंदर व्यवस्था की । वहां के कार्यकर्ताओं ने ग्रुप को मुनिसुब्रतनाथ भगवान का चित्र मोमेंट के रूप में भेंटकर सम्मान किया। कोषाध्यक्ष उर्मिला के निर्देशन में इंदरगढ़ चमत्कार जी की भी यात्रा की गई। कार्यक्रम में अर्चना सरोज बिना पुष्पा चित्रा ने व्यवस्था में पूर्ण सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया चमत्कार जी में अरविंद झांझरी की शानदार व्यवस्थाओं ने सभी का मन मोह लिया। चमत्कार जी में आरती करने के पश्चात बस को पुनः जयपुर के लिए रवाना किया गया। दौलत के द्वारा सभी सदस्यों को ठंडा ठंडा गन्ने का रस पिलाया गया । अंत में सभी सदस्यों ने शकुंतला जी को शानदार यात्रा एवं स्वादिष्ट भोजन के लिए तालियां बजाकर आभार व्यक्त किया।

# नाई व्यापार संगठन का उद्घाटन




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नाई समाज का पुश्तैनी कार्य करने वाले लोगों के सामने आ रही समस्याओं के समाधान और उनके व्यपार को आगे बढ़ाने के लिए नाई समाज के लोगों ने मिलकर एक व्यापार संगठन का निर्माण किया है। जिसका उद्घाटन मंगलवार को जयपुर के एक निजी गार्डन में सृष्टि और मिष्ठी बालिकाओं के द्वारा किया गया। नाई व्यापार संगठन के विचारक कमल सैन नीमकाथाना ने बताया कि नाई समाज का 70 से 80% पुश्तैनी कार्य अन्य लोगों द्वारा अधिग्रहण कर लिया गया है। अन्य लोग बड़े-बड़े सैलून खोलकर नाई का बिजनेस कर रहे हैं और इस कम्पिटिशन के दौर में नाई समाज का पुश्तैनी व्यापार लड खडा रहा है । इसलिए नाई समाज का पुश्तैनी कार्य करने वाले सभी लोगों ने मिलकर नाई व्यापार संगठन का निर्माण करके नाई समाज के सामने आ रही परेशानियों से छुटकारा पाने का प्रयास किया है। इस संगठन के माध्यम हम लोग सब एक के लिए, एक सबके लिए की भावना के साथ कार्य करेंगे और यह प्रयास करेंगे कि हमारे समाज के लोगों के समाने आ रही समस्याओं का समाधान इस मंच से हो. इस अवसर पर संगठन का लोगो भी लॉन्च किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संत शिरोमणि सैन जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से की गई.रामसुख नाई ने संगठन का परिचय दिया,कार्यक्रम को राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सरना,प्रधान महासचिव रोहिताश सैन समेत अनेक लोगों ने सम्बोधित किया. इस अवसर पर गोपाल सैन, चंद्र प्रकाश सैन, अरुण परिहार, अनिल मकवाना समेत पूरे प्रदेश से सेकड़ो समाज बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय नाई महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सरोज ने किया।

# महासाध्वी बसंतकुंवरजी म.सा. की पुण्यतिथि पर जाप का आयोजन

## बापूनगर महावीर भवन में किया गया जाप एवं गुणानुवाद



**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया।** श्रमण संघ के प्रथम युवाचार्य श्री मिश्रीमलजी म.सा.'मधुकर' के सुशिष्य उप प्रवर्तक विनयमुनिजी म.सा. 'भीम' की आज्ञानुवर्तिनी गुरूणी कानकंवरजी म.सा. की सुशिष्या स्वर्ण संयम आराधिका महासाध्वी बसंतकुंवरजी म.सा. की तृतीय पुण्य स्मृति दिवस पर मंगलवार को बापूनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में महावीर भवन में जाप का आयोजन किया गया। सुबह 8 से 9 बजे तक जाप के बाद वक्ताओं ने गुणानुवाद करते हुए महासती बसंतकुंवरजी म.सा. को भावाजंलि अर्पित की। संघ के मंत्री अनिल विश्नोत ने बताया कि महासाध्वी बसंतकुंवरजी म.सा. आदि ठाणा ने वर्ष 2017 का चातुर्मास बापूनगर के महावीर भवन में सम्पन्न किया था। धर्म प्रभावना से भरपुर उस एतिहासिक चातुर्मास की यादे आज भी श्रावक-श्राविकाओं के मन में ताजा है। पूज्य महासाध्वीजी के आशीर्वाद एवं सद्प्रेरणा ओर गुरू भक्तों के सहयोग से महावीर भवन में बसंत प्रवचन हॉल का निर्माण हुआ है। गुणानुवाद करने वालों में सुश्रावक प्रेमचंद गुगलिया, दलपत सेठ, मनोज बाफना, प्रकाश नाहर, सुश्राविका लीला बाफना आदि शामिल थे। सभी ने दिवंगत महासाध्वीजी के बताए पथ पर चलते हुए जिनशासन की सेवा में समर्पित रहने का संकल्प जताया। आभार श्रीसंघ के अध्यक्ष कमलेश मुणोत ने जताया। इस अवसर पर श्रीसंघ के संरक्षक लादूलाल बोहरा सहित कई श्रावक-श्राविकाएं मौजूद थे। जाप के समापन पर श्रीसंघ की ओर से प्रभावना का वितरण किया गया।

## वेद ज्ञान

### संसार और संन्यास

संसार के आकर्षण से बंधे रहने के कारण व्यक्ति संसारी माना जाता है। इसके आकर्षण से मुक्त हो जाने वाला ही संन्यासी है। वह रहेगा संसार में ही, किंतु कमलवत। कमल जल में रहकर भी जल से संपृक्त नहीं होता। यही हाल है संन्यासी का। वह जंगलों में जाए या संसार से दूर रहने लगे, किंतु वहां भी वह घर, परिवार, कार्य-व्यापार का ही चिंतन करता रहे तो उसे संन्यासी नहीं माना जाएगा। क्योंकि अब भी उसके मन में तृष्णा बाकी है। संन्यासी का मन यदि पूर्णरूपेण विरक्त हो जाए तो वह वन में रहे अथवा परिवार में, वह सचमुच संन्यासी बन सकेगा। संसार में रहने वाले व्यक्ति के लिए महात्मा गौतम बुद्ध का मानना है कि उसे माया, मोह, वासना और लोभ आदि नकारात्मक प्रवृत्तियां सताती रहेंगी। वह संन्यासी बनने का कितना भी प्रयास करे, लेकिन उसमें कभी सफल नहीं हो सकेगा। महात्मा बुद्ध यह भी कहते हैं कि चार आर्य सत्य हैं। आर्य का अर्थ यहां श्रेष्ठ से है। इन चार आर्य सत्यों का अनुभव हमें संसार में रहकर ही होता है। ये हैं-दुख है, दुख का कारण है, कारण से मुक्त होने का उपाय है और चौथा है कि निदान हो गया तो सुख मिल गया। यह वास्तव में निर्वाण की अवस्था है। पुनर्जन्म से मुक्त हो जाना है। हालांकि निर्वाण या मोक्ष संन्यास नहीं है, लेकिन इस मोक्ष के द्वारा आप समस्त सांसारिक बंधनों से मुक्त तो हो ही जाते हैं। यह संन्यास का सबसे उत्कृष्ट रूप है। हमारा मन इतना चंचल है कि हम कहीं भी भागकर जाएं वह फिर-फिर उसी पदार्थ के चिंतन में लगा रहता है, जिसके चलते हमने संसार का त्याग किया है। अब तक दुनिया में जितने भी सद्गुरु हुए और हैं, सबने इसी मन के जीतने और वश में करने की बात कही है। चाहे वह कृष्ण हों, बुद्ध हों, क्राइस्ट हों, मोहम्मद हों या नानक, कबीर। मनुष्य संसार के सभी व्यक्तियों की संपदा पर अधिकार कर ले, किंतु जब भी हारता है तो अपने मन से हारता है। यही मन हमें संसार से जोड़ता है। यही मन हमें संन्यास से जोड़ता है। यही मन सुख-दुख का अनुभव कराता है। इसीलिए सभी गुरुओं ने मन को वश में करने का उपदेश दिया। इसलिए माना जाता है कि संसार में रहकर भी आप संन्यासी हो सकते हैं, लेकिन शर्त यही है कि फिर कमलवत हो जाएं। मन और इंद्रियों के वश में न रहें। मन को वश में करके दुनिया के सभी प्रलोभनों

## संपादकीय

# दलों का अनुशासन और जनता के प्रति जिम्मेदारी

राजनीतिक दलों में लोकतांत्रिक वातावरण होना अच्छी बात मानी जाती है, ताकि किसी भी सदस्य को अगर किसी बात पर एतराज हो तो वह उसे जाहिर कर सके। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि कोई पार्टी अपने भीतर अनुशासन बनाना ही बंद कर दे। चलते चुनाव के बीच जिस तरह कांग्रेस के नेता बगावत करते और दूसरे दलों का दामन थामते देखे जा रहे हैं, उसे कांग्रेस बेशक पार्टी का आंतरिक लोकतंत्र बता कर खुद अपनी पीठ



थपथपाने की कोशिश करे, पर हकीकत यही है कि इससे उसमें अनुशासन की कमी जाहिर होती है। कुछ दिनों पहले गुजरात में सूरत सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार ने जानबूझ कर अपना पर्चा भरने में गड़बड़ी की, जिसके चलते उसका पर्चा निरस्त हो गया और भाजपा का प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिया गया। अब इंदौर सीट से उम्मीदवार ने नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। एक दिन पहले दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से अरविंदर सिंह लवली ने यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि चुनाव प्रभारी उनकी बात नहीं सुनते। लवली ने पार्टी नेतृत्व पर भी कई आरोप लगाए हैं। हालांकि इन तीनों मामलों में भाजपा के दबाव और सांठगांठ की बातें भी की जा रही हैं, मगर इससे कांग्रेस की अनुशासनात्मक ढिलाई और अपने नेताओं को संभाल कर रख पाने में नाकामी छिप नहीं जाती। पिछले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में नेता कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए। उनमें कई वरिष्ठ नेता भी थे। यह ठीक है कि कई नेताओं को जब कांग्रेस में अपना भविष्य नजर नहीं आया, तो उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। कुछ के बारे में कहा जाता है कि वे अपने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई से बचने के लिए सत्तापक्ष की तरफ चले गए। मगर इससे कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल तो उठते ही हैं कि वह क्यों अपने नेताओं को संतुष्ट नहीं रख सकी। ऐसा क्या हुआ कि उसके जो नेता कल तक सिद्धांतों की दुहाई देते न थकते थे, वे अचानक विद्रोही और अवसरवादी नजर आने लगे। उनका असंतोष अचानक फूट पड़ा और वे कांग्रेस के खिलाफ विष-वमन करने लगे। किसी भी पार्टी को ताकत इस बात से मिलती है कि उसके नेता और कार्यकर्ता कितने प्रतिबद्ध हैं। उन्हें कोई जिम्मेदारी मिलती है या नहीं मिलती, उन्हें चुनाव का टिकट मिलता है या नहीं मिलता, वे चुप रह कर पार्टी नेतृत्व का फैसला स्वीकार कर लेते और अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए निष्ठा और एकजुटता का परिचय देते हैं। भाजपा इसीलिए इस वक्त सबसे ताकतवर पार्टी है कि उसका नेतृत्व अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपने साथ जोड़ कर रखने में कामयाब है। चुनाव जीतने के लिए हर राजनीतिक दल अपने पैंतरे आजमाता ही है। जैसे कि आरोप लग रहे हैं, अगर भाजपा कांग्रेसी नेताओं को अपने पाले में खींचने में कामयाब हो रही है, तो इसे चुनावी गणित के हिसाब से गलत नहीं कहा जा सकता।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# मणिपुर का दर्द!

मणिपुर में अब भी जिस तरह लगातार हिंसा जारी है और उसमें आम लोगों से लेकर सुरक्षा बलों तक को निशाना बनाया जा रहा है, उससे यही लगता है कि सरकार की व्यवस्था नाकाम हो चुकी है, उपद्रवी तत्त्वों पर कोई लगाम नहीं है। मणिपुर के कांगकोपकी जिले में संघर्षरत दो समुदायों के बीच रविवार को गोलीबारी हुई और उसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। इससे एक दिन पहले सुरक्षा बलों के एक शिविर पर उग्रवादियों ने हमला किया था, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो जवान शहीद हो गए और दो जवान घायल हो गए। मानो हिंसा में शामिल समूहों को खुली अराजकता के लिए छोड़ दिया गया है या फिर सरकार के स्थिति पर काबू पाने के दावे खोखले हैं। यह विचित्र है कि राज्य में हिंसा की शुरूआत को एक वर्ष होने आया है, मगर अब तक न तो सरकार हिंसक तत्त्वों को थाम सकी है, न ही समस्या का हल निकालने में उसकी कोई रुचि दिखती है। गौरतलब है कि मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर कुकी समुदाय के साथ शुरू हुई हिंसा में अब तक दो सौ से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं, ग्यारह सौ से अधिक घायल हुए और करीब पैंसठ हजार को अपना घर-बार छोड़ना पड़ा है। अभी देश भर में लोकसभा चुनाव का दौर है। माना जाता है कि चुनावों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था आम दिनों के मुकाबले इतनी सख्त होती है कि किसी भी अवांछित और आपराधिक गतिविधि को अंजाम देना संभव नहीं होता। हिंसाग्रस्त राज्य होने के नाते मणिपुर में सुरक्षा इंतजामों के और बेहतर होने की उम्मीद की जाती है। मगर हालत यह है कि चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दावों के बीच कहीं दो गुट आपस में सरेआम गोलीबारी कर लोगों की हत्या कर देते हैं, तो कहीं सुरक्षा बलों के शिविर पर हमला करके उनकी जान ले रहे हैं। ऐसे में समझना मुश्किल है कि



समस्या का समाधान निकालने और हिंसा पर काबू पाने को लेकर सरकार की मंशा आखिर क्या है! सब ठीक कर देने या होने के दावों के बरक्स हकीकत अगर त्रासद है, तो कठघरे में सरकार है।

# एन इवनिंग विद लक्ष्मीकांत प्यारेलाल एंड आर.डी. बर्मन 26 मई रविवार को

## कार्यक्रम में मुंबई के ख्यातिप्राप्त गायक देंगे प्यारेलाल बैंड के कलाकारों के साथ 70-80 के दशक के सदाबहार बॉलीवुड गीतों की शानदार प्रस्तुतियां







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर देव फेस्टिवल की अपार सफलता के बाद, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला जयपुर व जयपुर सुर संगम के संयुक्त तत्वावधान में गुलाबी नगर में एल.पी. - आर.डी. बर्मन नाईट एन इवनिंग विद लक्ष्मीकांत प्यारेलाल एंड आर.डी. बर्मन नाईट का रंगारंग आयोजन होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा ने बताया कि 26 मई रविवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में शाम 6 से 10 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में देश के ख्यातिप्राप्त गायक आलोक कटडारे, सर्वेश मिश्रा, प्रियंका मित्रा और गुल सक्सैना एवरग्रीन 70-80 के दशक के बॉलीवुड गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक सीए नरेंद्र मित्तल व कांसेप्ट डिजाइनर अनु दीक्षित ने बताया कि कार्यक्रम में लक्ष्मीकांत प्यारेलाल और आर.डी. बर्मन टीम मुंबई के बांसुरी वादक मोहित शास्त्री, वॉयलिन वादक जीतू ठाकुर, ट्रम्पेट वादक किशोर सोढा, की-बोर्ड प्लेयर संजय मराठे, सेक्सोफोन वादक नागेश कोली, ट्रम्बोन प्लेयर ब्लास्को मोंसोरेट, तुम्बा प्लेयर समित पेडणकर, ड्रम प्लेयर सुमित सरफरे, गिटार वादक बृजेश शाह और ढोलक वादक विजय जादव सहित ख्यातिप्राप्त म्यूजिशियन वाद्ययंत्रों पर संगत कर कार्यक्रम में चार चांद लगाऐंगे। वाइस चेयरमैन सीए संजय पाबुवाल ने बताया कि इन सभी म्यूजिसियंस ने बॉलीवुड फिल्म शान, शोले, शालीमार, बाजीगर, हम दिल दे चुके सनम, देवदास, लावारिस, मुकद्दर का सिकंदर, कुबार्नी, सागर, डिस्को डांसर और आराधना फिल्म के गानों सहित 6 हजार से ज्यादा गीतों को संगीत से सजाया है। उल्लेखनीय है कि लक्ष्मीकांत कुडलकर का जन्म 1937 में हुआ था और इनके पिता का नाम शांताराम था। प्यारेलाल शर्मा का जन्म 1940 में हुआ था और इनके पिता का नाम रामप्रसाद था। इस संगीतकार जोड़ी ने 1963 से 1998 तक 750 फिल्मों के गानों को संगीतबद्ध दिया जिसे आज भी पसंद किया जाता है। आर.डी. बर्मन ऐसे संगीत निर्देशक थे जिन्होंने 1960 से 1990 के बीच 331 फिल्मों में संगीत निर्देशन किया। इन्होंने कई फिल्मों में अभिनय भी किया। आयोजन समिति के चेयरमैन रोटेरियन सुधीर जैन गोधा, वाइस चेयरमैन सीए संजय पाबुवाल, मुख्य संयोजक सीए नरेंद्र मित्तल, कांसेप्ट डिजाइनर अनुराग दीक्षित, कोषाध्यक्ष सीए आर.के. गुप्ता, समन्वयक जितेंद्र मित्रुका, मुकेश गुप्ता, धर्मेंद्र छाबड़ा, संजय अग्रवाल,गब्बर कटारा, सीए मनोज जैन कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं।

# तीर्थंकर महावीर ऑनलाइन प्रतियोगिता के परिणाम घोषित





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा तीर्थंकर महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक दिवस के अवसर पर उनको स्मरण करने की दृष्टि से एवं उनके सिद्धांतो पर चलने की भावना से दिनांक 21/04/23 को एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमे देश के विभिन्न हिस्सों से 253 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणाम आज घोषित किए गए है। प्रथम स्थान जितेंद्र कुमार जैन गायत्री नगर जयपुर, द्वितीय स्थान श्रीमती मंजुलता छाबड़ा लाल कोठी जयपुर, तृतीय स्थान तारा चंद जैन मान सरोवर एवं श्रीमती प्रेम लता जैन तिलक नगर जयपुर ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया । तारामणि गोधा जयपुर, कमल कुमार जैन बेगलुरु, महेंद्र छाबड़ा जयपुर, शीला जैन दुगार्पुरा, सुरबाला जैन दुगार्पुरा, सचिन जैन करतारपुरा सांत्वना पुरस्कार के विजेता रहे। इस प्रतियोगिता में भगवान महावीर (45) एवं आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज (05) पर प्रश्न पूछे गए थे।ऑनलाइन प्रतियोगिता में दिल्ली, हांसी, गुलाबनगर, हिसार, कोटा, सवाई माधोपुर, रेवाड़ी, लश्कर, विरार, जम्मू, तिरुवल्लुर, हैदराबाद, बेंगलुरु, नागपुर, सहारनपुर, अलवर, गुरुग्राम, कुंदन नगर, पंचकुला, नोएडा, मनाली, गाजियाबाद, खामखेड़ा, चेन्नई, चांदखेड़ी, हरिद्वार, अकोला, नीमच, रतलाम, आगरा, विजयनगर, बुलढाना, फीरोजाबाद, मंदसौर, बरेली, भिवाड़ी, ओरंगावाद, नागपुर, बूंदी, इंदौर आदि विभिन्न स्थानों से प्रतिभागिता रही ।

# जीव दया हेतु पक्षियों के लिए लगाये परिण्डे

## जैन सोशल ग्रुप प्रज्ञा निवाई के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम




**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई। जैन सोशल ग्रुप प्रज्ञा निवाई के तत्वावधान में ग्रीष्मकाल के चलते जीव दया हेतु एवं पक्षियों के पानी के लिए पार्श्वनाथ उधान जैन नसिंया मंदिर के पास में परिण्डा वितरण किया गया। पूज्य गुरुमाता आगम रक्षिका श्री आदिमति माताजी के सांतवा समाधि दिवस के उपलक्ष्य पर पार्श्वनाथ उधान निवाई में 7 परिण्डे लगाएं गये जिसमें जैन सोशल ग्रुप प्रज्ञा के पदाधिकारियों ने पक्षियों के लिए परिण्डे में प्रतिदिन पानी डालने का संकल्प लिया। इस दौरान आर्यिका श्रुतमति व सुबोध मति माताजी ने जैन सोशल ग्रुप प्रज्ञा के पदाधिकारियों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष महावीर प्रसाद पराणा, सचिव विमल पाटनी जौंला महावीर प्रसाद छाबड़ा कोषाध्यक्ष हितेश छाबड़ा विमल सोगानी राकेश संधी दिनेश चंवरिया पवन सांवलिया त्रिलोक रजवास मुकेश बनेठा ताराचंद गोयल राजेन्द्र सेदरिया सुनील चेनपुरा शकुंतला छाबड़ा सुनीता बड़ागांव यामिनी छाबड़ा हेमा बनेठा अनिता गोयल आदि ग्रुप के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# समता बहु मंडल की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



**सीकर. कासं।** जैन समाज सीकर की संस्था समता बहु मंडल के वार्षिक चुनाव ला नेचर रिजॉर्ट में चुनाव अधिकारी आशा जैन के सानिध्य में सम्पन्न हुए, जिसमे अध्यक्ष बिंदिया अजमेरा, मंत्री सोनिया पिराका और कोषाध्यक्ष अनिता सेठी को चुना गया। इसके पूर्व मंडल द्वारा रंगारंग कार्यक्रम व बॉलीवुड थीम पर प्रतियोगिता रखी गई जिसमें प्रथम अनिता सेठी, द्वितीय खुशबू सेठी और तृतीय ज्योति सेठी, बिंदिया अजमेरा रही। नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष हनी काला, उप मंत्री नीलम पाटोदी, सांस्कृतिक मंत्री ज्योति सेठी, मीनू सेसम व कार्यकारिणी सदस्य सीमा सेसम, मोनिका सेसम, खुशबू सेठी, सोनिया रारा, सीमा गंगवाल, रंजू जैन, डॉली छाबड़ा को चुना गया।

# दिगंबर जैन महासमिति पश्चिम संभाग द्वारा चैरिटेबल कार्य का हुआ आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन महा समिति पश्चिम संभाग के अध्यक्ष निर्मल कुमार संघी ने अवगत कराया कि पश्चिम संभाग के अंतर्गत आज दिनांक 30 अप्रैल 2024 को श्रीमती रश्मि जैन ( संयोजक, चेरिटेबल कार्य ) एवम अशोक जैन के संयोजन में स्व.श्री बिरधी लाल सेठी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके सुपुत्र वीरेंद्र कुमार सेठी एडवोकेट एवं पुत्रवधू श्रीमती शांता जैन सेठी के माध्यम से निर्मल विवेक स्कूल ( फिजिकली एवम मेंटली कमजोर छात्र/छात्रा के विकास हेतु कार्यरत विद्यालय ), जेएलएन मार्ग जयपुर को 11,000 रुपए की राशि चेक द्वारा प्रदान की गई। यह राशि स्कूल के प्रिंसिपल त्रिवेदी साहब, अध्यापक रेवती रमण शर्मा एवं कैशियर अशोक शर्मा को प्रदान की गई। इस पुनीत चैरिटेबल कार्य के अवसर पर दिगंबर जैन महासमिति के पदाधिकारी गणों सुरेंद्र कुमार पांड्या राष्ट्रीय महामंत्री, अनिल कुमार जैन आंचलिक अध्यक्ष, महावीर बाकलीवाल आंचलिक महामंत्री, जस्टिस एन के जैन, णमोकार जैन आंचलिक कार्याध्यक्ष, मनोज गोधा संभागीय कोषाध्यक्ष, लोकेश सोगानी की गरिमा मयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में मनोज गोधा ने सभी आगंतुकों एवम स्कूल प्रशासन को धन्यवाद प्रेषित किया।

# आचार्य श्री 108 सुनील सागर जी महामुनिराज का पाद पक्षालन एवम आरती कर लिया आशीर्वाद




**अजमेर. शाबाश इंडिया।** अजमेर की पावन धरा पर चतुर्थ पट्टाधीश,चर्या चक्रवर्ती परम पूज्य आचार्य श्री 108 सुनील सागर जी महामुनिराज ससंघ के मंगल आगमन के अवसर पर श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर एवम श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति अजमेर की ओर से श्री मनोकामना ज्वेलर्स नया बाजार पर आचार्य श्री का पाद पक्षालन करने के पश्चात महा आरती की गई। अध्यक्ष अतुल पाटनी एवम महामंत्री कमल गंगवाल ने बताया कि आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ससंघ का आज अजमेर की धरा पर मंगल प्रवेश भव्य जुलूस के रूप में हुआ जहा समिति की ओर से पुष्प वर्षा करते हुए आगवानी की इस अवसर पर समिति सदस्यगणों ने जयघोष के साथ वातावरण को गुंजायमान कर दिया। जन संपर्क अधिकारी संजय कुमार जैन ने बताया कि इस अवसर पर अध्यक्ष अतुल पाटनी,महामंत्री कमल गंगवाल,उपाध्यक्ष तारा चंद सेठी, संयुक्त मंत्री मनीष अजमेरा, व्यवस्थापक मनीष पाटनी,विजय पांड्या,पवन गंगवाल,राकेश दोसी,पंकज गंगवाल,महिला संभाग मंत्री सरला लुहाड़िया, महिला प्रकोष्ठ मंत्री रेनू पाटनी आदि मोजूद रही इसी प्रकार महिला संभाग द्वारा आगरा गेट क्षेत्र में भी आचार्य श्री की आगवानी की गई।

# कोका कोला और पेप्सी को टक्कर देगा कैम्पा कोला का नया कैंपेन




## रिलायंस का कैम्पा कोला ब्रांड का नया कैंपेन लॉन्च

**नई दिल्ली**

गर्मियों का सीजन शुरू होते ही, ठंडा-पेय यानी कोल्ड ड्रिंक की मार्किट जोर पकड़ने लगी है। भारतीय कोल्ड ड्रिंक मार्किट में अपनी पैठ बनाने के लिए कैम्पा कोला ने ''नए इंडिया का अपना ठंडा'' नाम से एक कैंपेन लॉन्च किया है। कैंपेन के जरिए कैम्पा कोला कोल्ड ड्रिंक मार्किट के दिग्गज कोका कोला और पेप्सी को टक्कर देगी। कैम्पा कोला ब्रांड, रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) से जुड़ा है। कैंपेन लॉन्च के मौके पर रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सीओओ केतन मोदी ने बताया कि यह कैंपेन भारतीयों को किफायती कीमतों पर वैश्विक गुणवत्ता वाले उत्पाद मुहैया कराने की हमारी यात्रा का पहला पड़ाव है। इस कैंपेन को भारतीयों की आकांक्षाओं के जश्न के तौर पर पेश किया गया है। जाने माने लेखक प्रसून जोशी द्वारा परिकल्पित इस कैंपेन को एक साथ टीवी, डिजिटल, आउटडोर और प्रिंट मीडिया में लॉन्च किया जा रहा है। प्रसून जोशी ने कहा कि इस नए क्रिएटिव के साथ, ब्रांड कैम्पा एक नए उभरते भारत के साथ तालमेल बिठाना चाहता है, जिसमें आत्मविश्वास है और जो नए क्षितिज तलाशने के लिए बेचैन है। कैंपेन फिल्म के निर्माता अरुण गोपालन और गायक-संगीतकार शंकर महादेवन हैं।

# जयपुरिया अस्पताल परिसर में परमार्थ अल्पाहार कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति की अनेक जनकल्याणकारी गतिविधियों में सतीश चन्द्र गुप्ता एवम् श्रीमती उषा गुप्ता की 25वीं वैवाहिक वर्षगांठ के मांगलिक अवसर पर, उनके परिजनों निमिषा, सुजय गर्ग, राजेंद्र प्रसाद गर्ग, मुकेश गुप्ता, सुमन गुप्ता, पिंकी सिंघल एवम्‌मनोज जायसवाल की उपस्थिति में रुक्मिणी देवी बेनी प्रसाद जयपुरिया अस्पताल परिसर में परमार्थ अल्पाहार के रूप में नए प्रकल्प, जरूरतमंद मरीजों एवम् उनके परिजनों हेतु निःशुल्क प्रातःकालीन नाश्ता वितरण का शुभारम्भ हुआ। जिसमें लगभग 300 व्यक्तियों का नाश्ता उपलब्ध कराया गया। उपरोक्त नाश्ता वितरण की गतिविधि अनवरत रूप सें प्रतिदिन प्रातः 08:00 बजे जारी रहेगी।उपरोक्त कार्यक्रम के प्रेरणास्रोत प्रमुख समाजसेवी मनोज पाटनी रहे। उपरोक्त कार्यक्रम समिति के मुख्य संरक्षक आर के अग्रवाल, संरक्षक डॉ एन के खीचा, अध्यक्ष श्याम विजय, उपाध्यक्ष मोहन लाल जायसवाल, उपाध्यक्ष एवम् संयोजक रामावतार माहेश्वरी, सचिव नरेन्द्र कुमार टांक, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता एवम् कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती गायत्री माहेश्वरी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## 1008 मंत्रोच्चार से होगी आज महा शांति धारा



**मनोज सोनी. शाबाश इंडिया**

निम्बाहेड़ा।यहाँ दिगंबर मुनि प्रशम सागर जी महाराज के सानिध्य मे बुधवार को 1008 मंत्रो द्वारा सहस्त्र महाशांतिधारा का आयोजन किया जाएगा। दिगंबर समाज अध्यक्ष सुशील काला के अनुसार आदर्श कॉलोनी स्थित श्री शांति नाथ जिनालय मे 1 मई बुधवार प्रातः 7/30 बजे से पूज्य महाराज श्री प्रशम सागर जी के सुसानिध्य मे 1008 मंत्रोच्चार के साथ जिनाभिषेक सहस्त्र महा शांति धारा का कार्यक्रम का आयोजन होगा। समाज के प्रवक्ता मनोज सोनी ने बताया की यहाँ विराजित श्री प्रशम सागर महाराज के सु सानिध्य मे प्रतिदिन प्रातः 5 बजे ध्यान योग शिविर मे जिन धर्म के मंत्रोच्चार , जैन दर्शन पर सरगर्भित प्रवचन , दोपहर को शास्त्र स्वाध्याय चर्चा, सायं 6 बजे शंका समाधान प्रश्न मंच श्रद्धालु जिज्ञासा समाधान गुरुभक्ति महा आरती आदि कार्यक्रम संत भवन मे आयोजित हो रहे है जिसमे बड़ी संख्या मे धर्मावलम्बी भाग लेकर धर्म लाभ ले रहे है वही आज आयोजित 1008 कलशो से होनी वाली महा शांतिधारा मे क्षेत्र सहित दूर दराज के श्रद्धालुओं मे भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## स्वाइन फ्लू का वायरस गर्मी में भी एक्टिव

**जयपुर. कासं**

कोरोना के साथ-साथ गर्मी में भी स्वाइन फ्लू का वायरस सक्रिय हो रहा है। मरीजों के लगातार बढ़ रहे ग्राफ ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है।इस साल अब तक स्वाइन फ्लू के 1002 मामलों के आने के बाद सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को भी अलर्ट कर दिया है।चौंकाने वाली जानकारी ये है कि वर्ष-2009 में पहला मामले सामने आने के 15 साल बाद भी चिकित्सा विभाग बीमारी पर काबू करने में पूरी तरह फेल साबित हो रहा है।


पुण्यतिथि 01 मई

हार्दिक श्रद्धांजलि



आदरणीय फूफाजी स्व. श्री लल्लूलाल जी गोदिका

एवं बुआजी स्व. श्रीमती श्यामा देवी गोदिका की पुण्यस्मृति में श्रद्धासुमन

श्रद्धावनत :- अश्विनी-मधु जैन, नेमी सागर कॉलोनी, जयपुर

# गाणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी को वरुण पथ समाज ने किया श्रीफल भेंट



जयपुर. शाबाश इंडिया। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर गायत्री नगर में विराजमान परम पूज्य गुरु मां विज्ञाश्री माताजी को मानसरोवर प्रवास हेतु श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर की प्रबंध कार्यकारिणी समिति ने आज प्रातः श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर पूज्य गुरु मां ने सभी भक्तों को मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हुए शीघ्र मानसरोवर आने का आशीर्वाद दिया एवं मंदिर जी के वार्षिक उत्सव आदिनाथ जयंती वरुण पथ मंदिर में मनाए जाने पर सहमति प्रदान की इस अवसर पर अध्यक्ष एमपी जैन, राजेंद्र सोनी, ज्ञान बिलाला,विनेश सोगानी, नरेंद्र कासलीवाल, अनिल दीवान सुरेश चंद जैन बांदीकुई वाले अजीत जैन बी ओ बी, निर्मल शाह,संतोष कासलीवाल, सतीश कासलीवाल, गौरव जैन चाकसू श्रीमती मंजू कासलीवाल श्रीमती अंजू बज सहित सैकड़ो लोगों ने अपनी सहभागिता प्रदान की


पुण्यतिथि 1 मई

हार्दिक श्रद्धांजलि




स्व. श्री लल्लूलाल जी गोदिका
स्व. श्रीमती श्यामा देवी गोदिका

परिवार आपका मंदिर था, वात्सल्य आप की शक्ति।
श्रम रहा कर्तव्य आपका, निस्वार्थ आप की भक्ति॥
जीवन दर्शन आप पूज्य से, सीख अनुसरण करते।
भावविव्हल करबद्ध आपको, सादर नमन हैं करते॥

-: श्रद्धावनत :-

बाबूलाल-सुमन, उषा (भ्राता-वधू)
राजेश-अंजना, दिनेश-मीतू, राकेश-समता (पुत्र-वधू)
राज-सन्तोष गंगवाल (पुत्री-दामाद)
रजनेश, महावीर, प्रदीप, संदीप, सुधीर, सुदेश (भतीजे)
अर्पित-सुरभि, आदित्य-स्तुति, सक्षम-आरुषी, पृथ्वी (पौत्र-वधू)
श्रुति-अखिल पाण्ड्या, रचिता-सिद्धार्थ खूंटेटा, स्मृति-संयम बिलाला (पौत्री-दामाद)
सृष्टि-वरुण झांझरी (दोहिती-दामाद) शुभम-रिया गंगवाल (दोहिता-वधू)
विवान, इवान, अरू, दिवि, इविका, मिस्टी
एवं समस्त गोदिका परिवार


# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन

**दुनिया की खबर रखने वाला इंसान..**
**ज़िन्दगी के अन्तिम क्षणों तक,**
**अपने से-बेखबर बना रहता है..!**

इसलिए-सांझ होने से पहले एक दीप जला लेना। आओ अब घर लौट चलें, बाहर बहुत भटक लिये, अब इस भटकन का अंत करें। सांझ होते ही पशु पक्षी भी अपने अपने घरों की ओर लौट आते हैं। उन्हें भी पता है कि सुरक्षा अपने ही घर में है, तुम तो इंसान हो। अंधेरा गिरने वाला है, सूर्य ढ़ल चुका है, अंधेरा आ रहा है, इससे पहले तुम अपने घर लौट आना। कभी अपने भीतर झांककर यह भी देख लेना कि वहाँ क्या-क्या घट रहा है- ? भीतर वाले की खबर भी ले लेना, लेकिन तुम तो भीतर वाले से एकदम बेखबर हो, तुम भी -- कभी कभी अपने घर -- अपने आप में रहा करो, और देखा करो कि -- वहाँ का संसार कैसा चल रहा है--? अपने भीतर में कैसे-कैसे भाव उठ रहे हैं- ? अगर भीतर में उठने वाले विचार शुभ है, तो समझ लेना तुम्हारा दीपक जल चुका है। और तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल है, शुभ है। यदि तुम्हारी भावनाएं शुद्ध है, भाव शुद्ध है, तो आगामी भाव भी शुभ ही होगा। और यदि भीतर के भाव, भीतर के विचार अशुभ है, गंदे है, पाप पूर्ण है, क्लेश और संक्लेश मय है, तो फिर किसी ज्योतिषी से अपना भविष्य पूछने की जरूरत नहीं है। तुम्हारे भीतर के भाव ही बता रहे हैं, कि तुम्हारा भविष्य अंधकार में है। आदमी के जैसे भाव होते हैं.. वैसे ही भव का सृजन होता है...!



**-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।**

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com